# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र

Editor- Sanjay Soni

NICT GROUP

# ''वित्तीय समावेशन'' में कियोस्क संचालको की अहम भूमिका !!!

एनआईसीटी 'संपर्क' एक बार फिर उन लोगों से रू-ब-रू कराने जा रहा है, जो कियोस्क संचालन के माध्यम से न केवल अपनी आय को सुनिश्चित कर पाने में सफल है, बल्कि उन्होंनें क्षेत्रीय लोगों को वित्तीय समावेशन के फायदे बताकर लोगों के खाते खोले व उनके भविष्य का निमार्ण किया है, और इनमें से कुछ कियोस्क संचालकों ने तो अपनी मेहनत और लगन से अपनी आय को ऐसी उड़ान दी, जो उनके लिए एक सुनहरे कल को लेकर आया है। आइए ऐसे ही कुछ संचालकों के कार्य व उनके द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर किए गये प्रयासो को जाने, जो लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे है-



सर्वप्रथम, हम बता दें कि आज से व आने वाले अंक सीएसपी की सफलता की कहानी को लेकर होंगें, जिसे हम क्रमबार रखते जायेगें और यह सभी सफल कहानियाँ हर एक राज्य में कार्यरत कियोस्क संचालकों की होगीं।

अगर बात 'महिला सशक्तिकरण' की हो तो एनआईसीटी सीएसपीओं में दुर्ग जिला, छत्तीसगढ़ स्थित मरोदा स्टेशन निकट कियोस्क संचालिका श्रीमती मेघा वर्मा है, जिन्होंने पिछले दो सालों से कियोस्क संचालिका का भार उठाया है व ३० हजार से ज्यादा की आय इस केन्द्र के माध्यम से अर्जित कर रहीं है। जो क्षेत्रीय स्तर मे एक महिला के लिए बड़ी बात है।

इसी तरह एक और प्रतिभावान व्यक्ति श्री वैभव गुप्ता है, जो पिपलिहाना, इंदौर में 'एसबीआई' कियोस्क का संचालन कर रहे है। इन्होंने अपने कियोस्क को एक मिनी ब्रांच की तरह तैयार किया है जिसमें लोगों को पूरी सहायता मुहैया करायी जाती है, और साथ ही इनका स्टॉफ भी पूरी तन्मयता के साथ लोगों को हर तरह की जानकारी देने के लिए तत्पर है, आज श्री वैभव ३० हजार से ज्यादा की आय प्राप्त कर रहे है, जो इनको अपने सुरक्षित भविष्य का एहसास दिलाता है।



इसी तरह एक नहीं हजारों सीएसपी संचालकों ने एनआईसीटी द्वारा प्राप्त कियोस्क का संचालन किया व आज वित्तीय समावेशन के लिए एक अच्छा योगदान कर सकने में सफल हो रहे है, हम अपने संपर्क के माध्यम से आने वाले अंकों में इसी तरह के लोगों से परिचय कराते रहेंगें जो ग्रामीण स्तर के वैचारिक विकास को दर्शाता है, और जिसमें एनआईसीटी टीम ने अपनी अद्भुद भागीदारी से लाखों लोगों को एक नई राह दिखाई है। तो पढ़ते रहें ''संपर्क''

---- संजय सोनी - एनआईसीटी

# गुजरात

## गुजरात में पहला NEC (NICT EXCELLENCE CENTER) – शुभारम्भ।

संचालिका– ‘‘श्रीमती प्रगनाबेन जोशी’’




दिनांक २३ फरवरी २०१६ को गुजरात राज्य के बड़ोदरा में एनआईसीटी टीम ने अपने नये प्रोजेक्ट ‘एनईसी’ का शुभारम्भ किया। इस केन्द्र द्वारा ‘बैक ऑफ बड़ौदा’ बैंकिंग के अलावा अन्य निर्धारित सेवाओं दी जायेगी जो एनआईसीटी द्वारा ‘एनईसी’ में लागू की गई है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री भारतभाई डांगर (मेयर– बड़ोदरा महानगर सेवा सदन) श्रीमती रंजनबेन भट्ट (सांसद) श्री एन. वी. पटेल, श्री के. डी. लखानी (कलेक्टर एण्ड एक्जीक्यूटिव ऑफिसर– एसएसजी हॉस्पिटल) श्री चन्द्रकान्त श्रीवास्तव, श्री दलशुख भाई प्रजापति (पूर्व एम.एल.ए.) श्री मुकुन्द कुलकर्णी (डीजीएम–बीओबी) आदि लोगों ने उपस्थिति दी।

एनआईसीटी की ओर से श्री कृणाल साह (टेरिटरी मैनेजर) श्री रितेश पाण्डे (एसपीएम– गुजरात) श्री भावेश (तकनीकी अधिकारी) श्री हितेश (डोमेन हेड) एवं टीम ने अपनी उपस्थिति दी।

# मध्यप्रदेश

## एनआईसीटी बैंक सखी को नाबार्ड ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।





'स्टेट क्रेडिट सेमिनार २०१६-१७' में 'बैंक सखी समावेशन प्रोजेक्ट' के अंतर्गत प्रथम बैंक सखी के रूप मे श्रीमती संगीता कोचले को NABARD (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) की ओर से प्रशक्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ''चीफ् सेक्रेट्री (मध्यप्रदेश शासन) द्वारा अवार्ड''

दिनांक २६ जनवरी २०१६ को भोपाल में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कामर्शियल बैंक, प्राइवेट बैंक, को-ऑपरेटिव बैंक, आर.आर.बी. आदि के स्टेट हेड ने अपनी उपस्थिति दी।

श्रीमती संगीता कोचले ''नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक'' के अहत वित्तीय समावेशन हेतू अपनी सेवा प्रदान कर रहीं है। इन्होंनें न केवल क्षेत्रीय लोगों को बैंक से जोड़ा बल्कि वित्तीय समावेशन के लाभों को बताकर लोगों को लाभान्वित भी किया।



## मध्यप्रदेश

दिनांक १७ फरवरी २०१६ को देवास में 'नाबार्ड' से प्राप्त वित्तीय समावेशन प्रोग्राम की शुरूआत हेतू प्रथम पी.आई.एम.सी. बैठक का आयोजन।





इस मीटिंग में पीआईएससी के गठन हेतू नाबार्ड से प्राप्त निर्देशानुसार निम्न अधिकारियों को सम्मिलित किया गया- जिसमें श्री **योगेश गोखले** (डीडीएम- नाबार्ड, देवास) , श्री **भूपेश करोलिया** (एलडीएम- **बैंक ऑफ इंडिया**) , श्री दीप कुमार पाण्डेय (आर.एम.- एनजेजीबी) , व एनआईसीटी से श्री मकरंद भागवत (जी.एम.- एनआईसीटी) है।

इस बैठक में मुख्य रूप से एफ.एल.पी. हेतू कार्यविधि को बढ़ाया जाना, एफ.एल.पी. को प्रारम्भ करने हेतू ५० प्रतिशत राशि स्वीकृत करवाना व दस्तावेज कॉपी पीआईएमसी सदस्यों को भेजना आदि विषय पर चर्चा की गई।

## उत्तरप्रदेश

फतेहपुर, उत्तरप्रदेश में बीओबी द्वारा बीसी/बीएफ परीक्षा का आयोजन।






दिनांक ०१ जनवरी २०१६ को 'बैंक ऑफ बड़ौदा' की शाखा खागा, जिला फतेहपुर में बीसी, बीएफ परीक्षा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एलडीएम फतेहपुर, खागा के शाखा प्रबंधक व साथ ही एनआईसीटी की ओर से रजनीश कुमार श्रीवास्तव बीडीएम, देवेन्द्र शिवहरे चेनल पार्टनर ने अपनी उपस्थिति दी।

## राजस्थान

**''राजस्थान को-ऑपरेटिव स्टेट बैंक'' एवं ''एनआईसीटी'' के बीच अनुबंध।**






अब एनआईसीटी राजस्थान में १८ से ज्यादा जिलो में बैंक मित्र के रूप में 'वित्तीय समावेशन' के लिए अपनी टीम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कार्य कर सकेगा। दूर-दराज ग्रॉमीण स्थानों में जहाँ को-ऑपरेटिव बैंक ने अपनी पहुँच बना रखी है, उन जगहों में भी एनआईसीटी अपने नेटवर्क की सहायता से लोगों को स्थानीय स्तर पर सेवा प्रदान कर सकेगा।

**ए.पी.ई.एक्स. (APEX) बैंक के एम.डी. श्री भटनागर द्वारा दिए गये आदेशानुसार राज्य स्तर पर एनआईसीटी अपने बैंक मित्र स्थापित कर वित्तीय समावेशन में ज्यादा से ज्यादा योगदान देने के लिए अग्रसर है।**

श्री युगदीप सिंह (एसपीएम-राजस्थान) द्वारा अलग-अलग जिलों में जाकर यह अनुबंध किए गये।

## सिक्किम

**गांगटोक, सिक्किम में 'एसबीआई' एस.एल.बी.सी. बैठक का आयोजन।**





सिक्किम की राजधानी 'गांगटोक' में दिनांक १८ फरवरी २०१६ को 'भारतीय स्टेट बैंक' द्वारा एस. एल.बी.सी. की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमे उपस्थित सदस्यों ने कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें सीएसपीओं को आ रही समस्याओं, पी.ओ.एस. मशीन के वितरण, ट्रांजेक्शन लिमिट, बेनर, आदि बातें रही।

# महाराष्ट्र

## मुबंई कार्यालय में ‘एनईसी’ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।





एनआईसीटी- दिनांक २३ फरवरी २०१६ को मुबंई कार्यालय में ‘एनईसी’ के प्रशिक्षण हेतू एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसे टीम द्वारा पूरी प्राथमिकता के साथ सम्पन्न किया गया। ‘एनईसी’ संचालकों को हर सम्भव सहायता देने की बात कही गई।

# पश्चिम बंगाल

## ‘एसबीआई’ द्वारा बीसी समीक्षा कार्यशाला का आयोजन।







दिनांक २६ फरवरी २०१६ को एसबीआई - एल.एच.ओ. कार्यालय, कोलकाता में बी.सी. रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में बी.सी. कार्यगति, मिनि एटीएम को सीएसपी तक ले जाना आदि बातों पर चर्चा की गई।

एनआईसीटी की ओर से श्री रंजीत कुमार (एसपीएम) उपस्थित रहे।

# आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

सभी को ‘‘**संपर्क**’’ के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई–मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा लोगों तक पहुँच सकते एनआईसीटी के प्रयासों व अपने सुझावों के द्वारा बनाने में समर्थ है।

> किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ‘‘सिने इंडिया’’ प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।

सीधा विश्वास है, कि हम उन है, जो ‘संपर्क’ के माध्यम से को भलिभांति समझ पा रहे है हमारे प्रयासों को और प्रभावी

न्यूज़लेटर ‘‘संपर्क’’ के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई–मेल कर सकते है।

communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट –

आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB-108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in